# कटरीना कैफ ने अक्षय कुमार को झाड़ू से पीटा!

कटरीना कैफ और अक्षय कुमार जल्द ही फिल्म सूर्यवंशी में लंबे वक्त बाद एकसाथ नजर आएंगे। फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रोहित शेट्टी की इस फिल्म की जब से घोषणा हुई है, तभी से यह सुर्खियों में है।



अक्षय और कैटरीना जिनके बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है, ने सेट की कुछ झलक फैंस के साथ शेयर की है। इंस्टाग्राम पर सोमवार को अक्षय ने एक मजेदार विडियो शेयर किया जिसमें कैट फ्लोर पर झाड़ू लगाती नजर आ रही हैं।

विडियो में अक्षय पूछते हैं कि कटरीना जी, आप क्या कर रही हैं? इस पर ऐक्ट्रेस जवाब देती हैं, सफाई.. साफ सफाई। इसके बाद कैट कहती हैं कि एक सेकंड हटिए, जरा हटिए और फिर वह अक्षय को झाड़ू से मारने लगती हैं जिस पर हंसते हुए ऐक्टर कहते हैं, आप मुझे मार क्यों रही हैं? ऐसा लगता है कि जिस-जिस जगह पर कैट झाड़ू लगा रही हैं, अक्षय वहीं खड़े हैं और उनके वहां से न हटने के कारण कैट उनपर झाड़ू चला रही हैं। ऐक्ट्रेस को स्वच्छ भारत की नई ऐंबैसडर बताते हुए अक्षय ने विडियो पर कैप्शन दिया, स्पॉटिड: सूर्यवंशी के सेट पर स्वच्छ भारत की नई ब्रैंड ऐंबैसडर।

जहां कटरीना इस बिहाइन्ड द सीन विडियो में झाड़ू से अक्षय को मारते हुए दिख रही हैं, वहीं पूरी कास्ट और क्रू काफी अच्छा टाइम स्पेंड करते हुए नजर आ रहा है। ऐक्ट्रेस वाइट ट्रडिशनल आउटफिट में हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही हैं।

बता दें, रोहित शेट्टी ने बीते दिनों अनाउंस किया था कि सूर्यवंशी में जैकी श्रॉफ भी अहम रोल में होंगे। यह कॉप ड्रामा 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

# फिल्म स्ट्रीट डांसर 3 डी के नहीं चलने से टल गई वरुण धवन की शादी?

बॉलीवुड के चहेते युवा ऐक्टर वरुण धवन की हाल ही में आई फिल्म स्ट्रीट डांसर-3 डी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। फिल्म का कारोबार काफी धीमा रहा। अब इसका असर धवन की शादी पर भी पड़ता दिख रहा है। जी हां, फिल्म के नहीं चलने से धवन इतना अपसेट हुए हैं कि फिलहाल उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ शादी करने का विचार फिलहाल टाल दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के नहीं चलने से वरुण बेहद अपसेट हैं। बताया जा रहा है कि वरुण ने रेमो की अगली फिल्म डांसिंग डैड जो सलमान खान के साथ है, उसे भी करने से मना कर दिया है।

करियर के साथ-साथ अपने उनके निजी जीवन पर भी इसका असर पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक वरुण धवन ने पहले प्लान किया था कि वह इस साल के अंत तक नताशा से शादी कर लेंगे। पर, अब फिल्म के नहीं चलने के कारण उन्होंने विचार बदल दिया है। अब वह पहले करियर को ट्रैक पर लाने के लिए सोच रहे हैं।

बता दें कि वरुण धवन की फिल्म कलंक ने भी कुछ खास कमाल नहीं किया था। हालांकि उसमें कई सितारे थे। बावजूद इसके वरुण धवन के करियर पर भी इसका असर पड़ा है। यही वजह है कि वरुण अब फिर से पुराने ट्रैक पर जाना चाहते हैं, जहां वह लगातार हिट फिल्में दे रहे थे। वरुण के पास वैसे फिल्मों की कमी नहीं है। सभी जानते हैं कि वह अच्छे ऐक्टर हैं। फिलहाल वर्क फ्रंट की बात करें तो वरुण अपने पिता डेविड धवन की फिल्म कुली नंबर 1 में दिखने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली खान हैं। इसके अलावा उनके पास करण जौहर की फिल्म मिस्टर लेले और एक श्रीराम राघवन की भी फिल्म है।

# अजय देवगन की फुटबॉल पर बेस्ड अपकमिंग फिल्म मैदान को मिली नई रिलीज डेट

अपने ड्रीम प्रॉजेक्ट तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर से लोगों को इम्प्रेस करने के बाद अजय देवगन एक बार फिर दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए तैयार हैं। अब वह स्पोर्ट्स ड्रामा मैदान में दिखेंगे। बीते दिनों मेकर्स ने फिल्म से अजय के फर्स्ट लुक को रिलीज किया था जिसे फैंस ने काफी पसंद किया। अब फिल्म की नई रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो अजय की फिल्म अब 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह 27 नवंबर 2020 के लिए शेड्यूल थी। डायरेक्टर अमित शर्मा की यह फिल्म भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम वर्षों पर आधारित है। इसमें अजय लेजेंडरी कोच सैयद अब्दुल रहीम के किरदार में दिखेंगे जिन्होंने भारतीय फुटबॉल का फाउंडिंग फादर कहा जाता है। सैयद इंडियन फुटबॉल कोच थे और 1950 से 1963 तक इंडियन नैशनल टीम के मैनेजर थे। उन्हें मॉडर्न इंडियन फुटबॉल का आर्किटेक्ट भी कहा जाता है। मैदान हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषा में रिलीज होगी।

# जब आप जीतते हैं, तो अवॉर्ड उचित लगता है : विद्या बालन




अपने फिल्मी करियर में कई सफलताएं हासिल करने के साथ ही प्रशंसा पा चुकीं अभिनेत्री विद्या बालन भारत में अवॉर्ड समारोहों में धांधली करने वाली लोकप्रिय धारणा का विरोध करती हैं। एक लोकप्रिय बॉलीवुड अवॉर्ड समारोह के 2020 संस्करण का प्रमोशन करने के दौरान अभिनेत्री ने कहा कि जब कोई कलाकार अवॉर्ड जीतता है तो फिर सब कुछ उचित लगने लगता है। आगामी 65वें एमेजॉन फिल्मफेयर अवॉर्ड 2020 के प्रमोशनल कार्यक्रम के दौरान विद्या ने कहा, लोग अवॉर्ड समारोहों के बारे में काफी कुछ बोलते हैं, लेकिन मेरा मानना है कि जब आपको वह (अवॉर्ड) आपके हाथ में मिलता है, तो सब कुछ उचित लगने लगता है। अभिनेत्री ने आगे कहा, वह अहसास काफी खास होता है (अवॉर्ड विजेता बनने के बाद) सबसे पहले तो फिल्मफेयर अवॉर्ड का वह स्टैच्यू खुद में ही काफी खूबसूरत है। यह उद्योग और दर्शकों के प्यार और सराहना का प्रतीक होता है, इसलिए यह मेरे लिए बहुत खास है।

अभिनेत्री ने कहा, मेरे ख्याल से हर भारतीय अभिनेता और अभिनेत्री का यह फिल्मफेयर अवॉर्ड जीतना सपना लगता है। यह मेरा भी सपना रहा है, लेकिन मैंने कभी स्वीकृति भाषण तैयार नहीं की, क्योंकि आप अवॉर्ड जीतने की मंशा जितनी रखोगे, आप उसे जीतने के बाद उतना ही चिंतित महसूस करेंगे। यह वास्तव में मेरे साथ लगातार चार साल हुआ। मैंने तीन साल तक सर्वश्रेष्ठ कलाकार (महिला) का अवॉर्ड जीता और एक बार मैंने सर्वश्रेष्ठ कलाकार (महिला) क्रिटिक्स अवार्ड जीता।

65वां एमेजॉन फिल्मफेयर अवॉर्ड 2020 का आयोजन 15 फरवरी को होगा। 64 सालों की परंपरा को तोड़ते हुए इस बार यह कार्यक्रम असम में आयोजित किया जाएगा।

# वेबसीरीज में काम करेंगी सोनाक्षी सिन्हा



बॉलीवुड की दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा वेबसीरीज में काम करने जा रही है। सोनाक्षी सिन्हा डिजिटल वर्ल्ड में कदम रखने का फैसला किया है। वह अमेजन प्राइम की एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में नजर आएंगी। रीमा कागती की इस वेब सीरीज में गुलशन देवइया, सोहुम शाह और विजय शर्मा काम करते नजर आएंगे। इस सीरीज का प्रोडक्शन एक्सेल मूवीज और टाइगर बेबी फिल्म्स एक साथ मिलकर करेंगे।

सोनाक्षी ने इस सीरीज की पूरी टीम के साथ एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। उन्होंने लिखा, नई शुरुआत, अमेजन के साथ हमारी नई सीरीज शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हूं। इस एक्सट्रीमली टैलेंटेड टीम के साथ काम करने के लिए एक्साइटेड हूं।

सोनाक्षी इस साल फिल्म भुज में नजर आएंगी। भुज द प्राइड ऑफ इंडिया का निर्देशन अभिषेक दुधइया कर रहे हैं और इसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका अदा करते नजर आएंगे। फिल्म में संजय दत्त, शरद केलकर, एमी विर्क, प्रनिता सुभाष और नोरा फतेही साथ में काम करते नजर आएंगे। यह वॉर एक्शन फिल्म होगी जिसकी कहानी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के बैकड्रॉप में लिखी गई है। फिल्म की कहानी इंडियन एयरफोर्स के लीडर विजय कर्णिक के इर्द गिर्द घूमती है। विजय कर्णिक ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 300 महिलाओं के मदद से भारतीय वायु सेना के हवाई अड्डे को रीबिल्ट किया था।

# रश्मिका मंदाना को बॉलिवुड से मिल रहे हैं ऑफर

वैसे तो साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अनुष्का शेट्टी से लेकर तमन्ना और सामंथा अक्किनेनी जैसी कई एक से बढ़कर एक हिरोइनें हैं, लेकिन एक ऐक्ट्रेस ऐसी है जो धीरे-धीरे उन्हें टक्कर दे रही है और साउथ की टॉप ऐक्ट्रेसेस में शुमार हो गई है। इस ऐक्ट्रेस का नाम है रश्मिका मंदाना। रश्मिका मंदाना को भले ही ज्यादा लोग न जानते हों, लेकिन इनके चर्चे बॉलिवुड के गलियारों तक भी हैं। रश्मिका को बॉलिवुड से भी कई ऑफर मिले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका मंदाना को शाहिद कपूर के ऑपोजिट फिल्म जर्सी के लिए अप्रोच किया गया था। खुद रश्मिका ने भी इस फिल्म में दिलचस्पी दिखाई। हालांकि अभी तक कोई ऑफिशल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। अब रश्मि साउथ फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना




नाम बन चुकी हैं। हाल ही में वह साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आईं। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई है।

अब खबर है कि इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के बाद रश्मिका मंदाना ने अपनी फीस बढ़ाकर 2 करोड़ कर दी है। अगर ऐसा है तो अब रश्मिका साउथ की हाइएस्ट पेड ऐक्ट्रेसेस में भी शुमार हो जाएंगी। रश्मिका मंदाना ने साल 2016 में अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत की और महज 4 साल के अंदर ही उन्होंने बाकी हिरोइनों को कड़ी टक्कर देनी शुरू कर दी है। रश्मिका ने तेलुगु सुपरस्टार नागा शौर्या के ऑपोजिट फिल्म चलो से डेब्यू किया था जो बॉक्स ऑफिस पर भी हिट रही। इसके बाद उन्होंने कई और फिल्में कीं, लेकिन पिछले साल आई डियर कॉमरेड में नजर आईं, जो ब्लॉकबस्टर रही। अब इस फिल्म का हिंदी रीमेक बनाया जा रहा है, जिसमें विजय देवराकोंडा नजर आएंगे।